य एषु सुप्तेषु जागर्ति | पृष्ठ 20 (16+4) | मूल्य 5.00 | झुंझुनूं, बुधवार, 19 फरवरी, 2025 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत् 2081
राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

आइओए पैनल: मैने इस्तीफा नहीं दिया है: मैरीकोम
@स्पोर्ट्स &गेमिंग

राजस्थान पत्रिका

अतिक्रमण और खनन से उजड़ा गोडावण का जैविक-प्राकृतिक क्षेत्र
@राजस्थान

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

पढ़ें@पेज 16

झुंझुनूं पत्रिका
नवलगढ़ . चिड़ावा . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . बुहाना . बिसाऊ . बगड़ . सूरजगढ़ . मलसीसर . पिलानी

प्राइम

महपालवास हत्याकांड के आरोपियों को पैदल परेड कराई फिर भेजा जेल
पढ़ें@पेज 16

patrika.com राजस्थान पत्रिका. झुंझुनूं, बुधवार 19 फरवरी 2025

आज आएंगे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, सीरी में स्किल कॉन्क्लेव में शामिल होंगे

पिलानी. राज्यपाल हरिभाऊ बागडे बुधवार को पिलानी आएंगे। वे यहां केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में आयोजित ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि होंगे। सीरी के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने बताया कि कॉन्क्लेव में सीरी द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और अनुसंधान उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्यपाल बागडे का दोपहर सवा तीन बजे पिलानी स्थित हेलीपैड पर पहुंचने का कार्यक्रम है। करीब एक घंटे कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वे शाम करीब साढे चार बजे हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए रवाना होंगे।